(vi) राजस्थानी साहित्य/समाचार पत्र

542. 'हम्मीर हठ' नामक ग्रन्थ किसने लिखा।

(a) जोधराज (b) चन्द्रशेखर
(c) दलपत (d) केशवदेव

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : 'हम्मीर हठ' नामक ग्रन्थ के लेखक चन्द्रशेखर थे। इनकी अन्य रचना सुर्जन चरित्र है। हम्मीर रासो के लेखक जोधराज, खुमाण रासो लेखक दलपत विजय तथा पृथ्वीराज रासों के लेखक चंदबरदाई थे।

543. राजस्थान में नरसिंह के नाम से प्रसिद्ध हैं -

(a) संत रामचरणजी (b) कवि दुर्लभजी
(c) संत चरणदासजी (d) संत रज्जब जी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : राजस्थान में नरसिंह के नाम से कवि दुर्लभजी प्रसिद्ध है। इन्होंने कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित उपदेश दिये। इनका कार्यक्षेत्र डूँगरपुर एवं बाँसवाड़ा था। संत रामचरण जी रामस्नेही सम्प्रदाय से सम्बन्धित थे। इन्होंने अण भैवाणी, राम रसाम्बुधि नामक रचना में अपने उपदेश संग्रहित किये हैं। यह कर्मकाण्ड एवं मूर्तिपूजा के विरोधी थे।

544. किस ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थों का नाम बीकानेर महाराजा अनूप सिंह के नाम पर रखा था?

(a) भाव भट्ट (b) लोचन
(c) हृदय नारायण देव (d) पुण्डरिक विट्ठल

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : भाव भट्ट नामक ग्रंथकार ने अपने ग्रंथों का नाम बीकानेर महाराजा अनूप सिंह के नाम पर रखा था। अनूप सिंह के दरबार में जनार्दन भट्ट का पुत्र भाव भट्ट रहता था। भाव भट्ट ने संगीत अनूपांकुशा, अनूप संगीत विलास, अनूपसंगीत रत्नाकार, अनूपरागमाला, अनूपरागसागर आदि की रचनाएं की।

**545. ''इला न देणी, आपणी, हालरिया हुलराय।
पूत सिखावै पालणै, मरण बड़ाई माय।''**

(a) वंश भास्कर (b) वीर सतसई
(c) कान्हड़दे प्रबन्ध (d) पृथ्वीराज रासो

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : ''इला न देणी, आपणी, हालरिया हुलराय।
पूत सिखावै पालणै, मरण बड़ाई माय।।''
यह पंक्तियां वीर सतसई नामक ग्रंथ से ली गयी है जिसकी रचना सुर्यमल्ल मिश्रण ने की है।

546. 'जैसलमेर का गुंडाराज' पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन थे?

(a) सागरमल गोपा (b) हीरालाल शास्त्री
(c) जयनारायण व्यास (d) माणिक्यलाल वर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : 'जैसलमेर का गुंडाराज' पुस्तक के लेखक सागरमल गोपा हैं। इनकी अन्य रचना रघुनाथ सिंह का मुकदमा, आजादी के दीवाने है। माणिक लाल वर्मा ने 'मेवाड़ का वर्तमान शासन' नामक पुस्तक की रचना की।

547. सहजो बाई का संबंध किस संप्रदाय से है?

(a) रामस्नेही (b) लालदासी
(c) अलखदासी (d) चरणदासी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : सहजो बाई का सम्बन्ध चरणदासी सम्प्रदाय से है। इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक चरणदास थे। इनका जन्म 1703 ई. में अलवर जिले के डेहरा नामक गांव में हुआ था। इनकी एक छतरी डेहरा में भी बनी हुई है जहाँ प्रति वर्ष बसन्त पंचमी को मेला लगता है। इनके सिद्धान्तों में निर्गुण एवं सगुण भक्ति का सम्मिश्रण देखने को मिलता है। सहजोबाई एवं दयाबाई, चरणदास की शिष्या थी।

548. साहित्य एवं साहित्यकार के युग्म में से असंगत छांटिए-

(a) राजप्रकाश-किशोरदास
(b) पाबू प्रकाश-मोड़जी आशिया
(c) अमरसार-पं. जीवाधर
(d) राजवल्लभ-महाराणा कुंभा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : राजवल्लभ, महाराणा कुम्भा के शिल्पी मंडन द्वारा रचित ग्रंथ है। इस ग्रंथ में तात्कालीन समय की वास्तुकला व शिल्पकला का पता चलता है। महाराणा कुंभा ने एकलिंग महात्म्य की रचना की।

549. सीताराम लालस का सम्बन्ध रहा है-

(a) राजस्थानी नृत्यों से
(b) राजस्थानी शबवकोश से
(c) राजस्थानी लोकजीवन से
(d) राजस्थानी लोककला से

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : सीताराम लालस एक भाषाविद है। इसका सम्बंध राजस्थानी शब्दकोश से है। भारत सरकार द्वारा इन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। राजस्थानी कहावत से मुरलीधर व्यास एवं नरोत्तमदास स्वामी सम्बंधित रहे है।

550. 'अर्ली चौहान डाइनेस्टीज' के लेखक हैं-

(a) जी.ए. ग्रियर्सन (b) दशरथ शर्मा
(c) जी.एच. ओझा (d) जी.एन. शर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : 'अर्ली चौहान डाइनेस्टीज' के लेखक इतिहासकार दशरथ शर्मा है। इस पुस्तक में चौहान वंश (800-1316) का इतिहास है। इसमें चाहौनों की उत्पत्ति पर भी जानकारी दी गयी है। दशरथ शर्मा का जन्म चुरू जिले में हुआ था।

551. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) हम्मीर महाकाव्य - नयनचन्द्र सूरी
(b) वंश भास्कर - सूर्यमल्ल मीषण
(c) कुवलयमाला - उद्योतन सूरी
(d) पृथ्वीराज विजय - चन्दबरदाई

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है -

काव्य		**रचनाकार**
हम्मीर महाकाव्य	-	नयनचन्द्र सूरी
वंश भास्कर	-	सूर्यमल्ल मीसण
कुवलयमाला	-	उद्योतन सूरी
पृथ्वीराज विजय	-	जयानक